## Headline

1. जम्मू में दिल दहलाने वाला मर्डर: फेसबुक पर लाइव आकर व्यक्ति को कुल्हाड़ी से काटा, नृशंस हत्या देख कांपे लोग
2. S Jaishankar: 'कुछ ही लोगों को यह सम्मान प्राप्त होता है,' पीएम मोदी के अमेरिका दौरे को लेकर बोले जयशंकर


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 338 | इंदौर, शनिवार 17 जून, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


बड़वानी में कमलनाथ बोले ...

# शिवराज ने चौपट राज बना दिया

## भ्रष्टाचार में प्रदेश को नंबर वन बनाया, आदिवासी अत्याचार पूरे प्रदेश में है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी। मैंने आपसे सुना है कि जहां अस्पताल है तो डॉक्टर नहीं है। खंभे हैं तो तार नहीं है तार हैं तो बिजली नहीं है। स्कूल है तो शिक्षक नहीं है। कॉलेज है तो हॉस्टल नहीं है। बड़वानी ऐसा क्षेत्र है जहां प्रदेश में सबसे कम हॉस्टल हैं। जो थे वो भी बंद कर दिए ये आज प्रदेश का हाल है और शिवराज जी रोज घोषणा कर रहे हैं।**

कृषि व्यवस्था चौपट, शिक्षा व्यवस्था चौपट, स्वास्थ्य व्यवस्था चौपट, उद्योग व्यवस्था चौपट, सुरक्षा व्यवस्था चौपट, राशन व्यवस्था चौपट, पंचायती राज व्यवस्था चौपट बेचारा सरपंच धक्के खा रहा है यह चौपट सरकार है। आज शिवराज सिंह जी ने 18 साल में ये चौपट राज बनाया है। ये बाते पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने बड़वानी पहुंचने पर सभी को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने सभा से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस को भी संबोधित किया।

कमलनाथ ने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं शिवराज सिंह ने दिया क्या है? शिवराज सिंह जी ने मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार दिया कोरोना में मौत दी, भर्ती घोटाले दिए। भ्रष्टाचार में प्रदेश को नंबर वन बनाया। आदिवासी अत्याचार पूरे प्रदेश में है। मैं भी आदिवासी क्षेत्र से आता हूं। मेरे छिंदवाड़ा में बड़वानी से ज्यादा आदिवासी हैं। उन्हें 40 साल से मुझ पर विश्वास किया है।

### शिवराज ने एमपी को घोटाला प्रदेश बना दिया

सभा को संबोधित करते हुए कमलनाथ ने कहा कि कहां घोटाला नहीं है। शिवराज सिंह ने घोटाला प्रदेश बना दिया है। आपके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। जहां देखो वहां खिड़वाड़ हो रहा है। मैं आपको यह वचन देता हूं कि बड़वानी को सबसे ज्यादा प्राथमिकता मैं दूंगा।



### कमलनाथ आपको निराश नहीं करेगा

हमने नगर निगम महापौर एक 32 साल के लड़के को बनाया। आप इंटरनेट पर देखिएगा। जिसकी मां आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हैं, पिता मजदूरी करता है। विक्रम माथे। आप देखिएगा। यहां आकर मुझे दुख होता है कि इतना पिछड़ा हुआ क्षेत्र जिसे प्राथमिकता मिलना चाहिए थी नहीं मिल पाई। मैंने प्रयास किया था। किसानों का तो कर्ज माफ किया ही था, नर्मदा सिंचाई योजना 11 सौ करोड़ रुपए की दी थी। जब तक किसान के पास पानी नहीं होगा वैसे कैसे किसानी करेगा। चिंता मत कीजिए पाइपलाइन लगानी हो, नहर बनानी हो कमलनाथ आपको निराश नहीं करेगा।

### बीजेपी के झूठ और प्रपंच से तंग आ चुकी जनता

सभा को संबोधित करने से पहले पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि मैं प्रदेश के कई जिलों में दौरा कर रहा हूं। मुझे लोगों की भावनाओं की पहचान है मैंने 40 साल चुनाव लड़ा है। आज आम जनता जानती है और समझ रही है कि शिवराज जी की घोषणाएं नाटक हैं। अगर हमने हजार कहा तो वो 15 हजार कहेंगे। आज जनता बीजेपी के सारे छल समझ रही है। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि आगामी चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनेगी क्योंकि जनता अब बीजेपी के झूठ और प्रपंच से तंग आ चुकी है। कमलनाथ ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर निशाना साधते हुए कहा कि सीएम को 18 सालों बाद किसानों की याद आ रही है, बहनों की याद आ रही है। जब तक वह (शिवराज) झूठ नहीं बोल लेते हैं। उनका खाना हजम नहीं होता है। सीएम शिवराज केवल घोषणा करते हैं। इसलिए मैं उन्हें नाचने-गाने और बोलने में नहीं हरा सकता, लेकिन सच्चाई में जरुर हरा सकता हूं।

### नारी सम्मान योजना का प्रचार-प्रसार करने पहुंचे थे

पूर्व मुख्यमंत्री व पीसीसी चीफ कमलनाथ बड़वानी में नारी सम्मान योजना का प्रचार-प्रसार करने के लिए पहुंचे थे। बता दें कि इसी साल विधानसभा चुनाव होना है। वर्ष 2018 में हुए चुनावों में कांग्रेस ने सरकार तो बना ली थी लेकिन 15 महीने में ही विधायकों के दल बदलने के कारण सरकार गिर गई। लिहाजा फूंक-फूंक कर कदम रख रही है।

# प्रदेश में संविदा कल्चर खत्म होगा

● संविदा मतलब अब पक्के कर्मचारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश के विभिन्न विभागों में काम कर रहे 2.50 लाख से ज्यादा संविदा कर्मचारियों के लिए बड़ी खबर है। सरकार राज्य से संविदा कल्चर खत्म करने जा रही है। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। संविदा कर्मचारियों को सरकारी कर्मी की तरह सुविधाएं देने के लिए पॉलिसी तैयार कर ली गई है। इस पर जून के आखिरी में मुहर लग सकती है।**

विधानसभा चुनाव से पहले राज्य सरकार इसे लेकर बड़ा ऐलान कर सकती है। नई पॉलिसी में न केवल संविदाकर्मियों को पूरा वेतन देने का प्रावधान होगा, बल्कि सामाजिक सुरक्षा की भी गारंटी दी जाएगी। इन्हें सरकारी कर्मियों के समान ही नियमों के दायरे में लाया जाएगा। यानी जिस पद पर काम, उस पद का 90% के बजाय 100% वेतन मिलेगा। नई पॉलिसी पर कई स्तरों पर मंथन हो चुका है।

सीधी भर्तियों में अभी संविदाकर्मियों के लिए 20% कोटा रिजर्व है, नई पॉलिसी में इसे बढ़ाकर 50% किया जा रहा है। इसमें अहम यह भी होगा कि अफसरों और कर्मचारियों को हर साल अप्रेजल रिपोर्ट से भी छूट दी जा रही है। इसमें उन्हें हर साल अपना स्व-मूल्यांकन करके नहीं देना होगा, जिस पर सरकार उन्हें आगे अगले साल नौकरी पर रखेगी या नहीं यह फैसला लिया जाता है। इस दायरे से उन्हें बाहर किया जा रहा है।

सतपुड़ा की आग शासन की लापरवाही का परिणाम

# पूर्व मंत्री जयवर्धनसिंह ने किए महाकाल दर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह के पुत्र कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह शुक्रवार को बाबा महाकाल के दर्शन कर कहा कि भोपाल में सतपुड़ा भवन की आग सरकार की लापरवाही का परिणाम है। लाड़ली बहना योजना में शिवराजसिंह की घोषणा पर कहा कि कितनी राशि बहनों की खाते में राशि आती है यह तो वक्त बताएंगा।**

उल्लेखनीय है कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर उज्जैन जिले में नेतागण सक्रिय हो गए है और उज्जैन आकर बाबा महाकाल के दर्शन कर अपनी चुनावी रणनीति में तैयार कर रहे हैं। शुक्रवार को पूर्व मंत्री जयवर्धनसिंह का उज्जैन आगमन हुआ। हालांकि जयवर्धनसिंह पिछले एक माह में घटिया,महिदपुर,बडऩगर में चुनावी तैयारियो के लिए आ चुके है,लेकिन शुक्रवार को श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने गर्भगृह के बाहर से बाबा महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात जयवर्धनसिंह ने नंदी हॉल में बैठकर शिव आराधना की।

# मरीज की मौत के मामले में राजश्री हॉस्पिटल सील

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जिला प्रशासन ने शुक्रवार को रामबाग स्थित राजश्री हॉस्पिटल को सील करने की कार्रवाई की है। जांच में अस्पताल में कई तरह की गड़बड़ी और इलाज में लापरवाही सामने आई है। दरअसल हाल ही में छात्र अमित पिता रिंकू सेन (17) निवासी ईडब्ल्यूएस शांग्रीला टाउनशिप, तलावली चांदा की मौत में परिजन ने जमकर हंगामा किया था। सड़क हादसे में घायल अमित को जब ऑपरेशन थिएटर में ले जा रहे थे तो उसने पिता से कहा था कि पापा आप चिंता मत करो, मैं ठीक हूं। कुछ देर बाद डॉक्टरों ने बाहर आकर बताया कि उसकी हालत गंभीर है और फिर उसकी मौत हो गई थी। परिजन ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा था कि ऑपरेशन से पहले अमित को बेहोश करने के लिए अधिक मात्रा में एनस्थिशिया दे दिया गया था, जिससे उसकी मौत हो गई। अमित इकलौता बेटा था। मामले में कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा ने डॉ. पूर्णिमा गडरिया के नेतृत्व में 5 सदस्यीय जांच समिति बनाई थी। समिति की रिपोर्ट के आधार पर शाम को अस्पताल को सील किया गया।

# बिजली के नए ग्रिड परिसर में वाटर हार्वेस्टिंग का इंतजाम भी होगा

## ● अर्थिंग व स्टॉफ के लिए पानी की किल्लत से मुक्ति मिलेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बिजली वितरण कंपनी प्रयास कर रही है कि आरडीएसएस के तहत कंपनी क्षेत्र में बन रहे 97 ग्रिडों के स्थलों पर वाटर हार्वेस्टिंग का भी माकूल इंतजाम हो। इससे ग्रिड के अर्थिंग के लिए पानी और कार्मिकों के लिए पानी की पर्याप्तता बनी रहेगी। पर्यावरण की लिए भी समय की यही मांग है।**

मप्र पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने शुक्रवार को यह बात कही। वे इंदौर जिले के सांवेर क्षेत्र के ईमलीखेड़ा में आरडीएसएस के तहत बन रहे 33/11 केवी के ग्रिड स्थल का निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समय पर ग्रिड का सिविल एवं इलेक्ट्रिक कार्य हो, गुणवत्ता से कार्य प्रगति हो, साथ ही वाटर हार्वेस्टिंग भी सुनिश्चित की जाए। श्री तोमर ने संबंधित एजेंसी एड्के को निर्माण सामग्री समय पर कार्यस्थल पर मुहैया कराने, गुणवत्ता के साथ समय पालन के लिए निर्देशित किया। श्री तोमर ने सिविल के मुख्य अभियंता श्री गिरीश व्यास को ग्रिडों के सिविल कार्य की सघन मानिटरिंग के भी निर्देश दिए।

### गांवों में भुगतान के लिए डोर टू डोर एप सबसे अच्छा

उन्होंने धरमपुरी वितरण केंद्र पर इंजीनियरों की बैठक भी ली एवं उपभोक्ता सेवाएं, आपूर्ति, राजस्व संग्रहण, लॉस में कमी लाने आदि विषयों पर फोकस रखने के निर्देश दिए। श्री तोमर ने कहा कि यदि ट्रांसफार्मर में खराबी आती है, तो उसे समय पर बदला जाए। गांवों में भुगतान के लिए डोर टू डोर एप सबसे अच्छा उपाय है, इस सुविधा का विस्तार किया जाए, ताकि बिल राशि समय पर मिले, उपभोक्ताओं पर बकाया राशि का भार न बढ़े।

### वृत्त एवं संभाग की जानकारी प्रस्तुत

इस अवसर पर इंदौर ग्रामीण अधीक्षण यंत्री डॉ. डीएन शर्मा, कार्यपालन यंत्री श्री अभिषेक रंजन ने वृत्त एवं संभाग की जानकारी प्रस्तुत करते हुए बताया कि कृषि उपभोक्ताओं को दैनिक 10 घंटे एवं शेष को 24 घंटे बिजली प्रदाय की जा रही है। दौरे के अवसर पर उच्चदाब प्रभारी श्री ज्ञानेंद्र गौड़, चंद्रवतीगंज वितरण केंद्र प्रभारी श्री महेंद्र चंद्रावत आदि भी मौजूद रहे।

# स्वच्छता सर्वेक्षण की गाइड लाईन अनुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 व वॉटर प्लस सर्वे को दृष्टिगत रखते हुए, सीटी बस आफिस में समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में समस्त अपर आयुक्त, उपायुक्त, सहायक यंत्री, विभाग प्रमुख, स्वास्थ्य अधिकारी, सीएसआई, जलप्रदाय सहायक यंत्री, उपयंत्री व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। आयुक्त श्रीमती सिंह द्वारा आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 व वॉटर प्लस सर्वे को दृष्टिगत रखते हुए, नगर निगम द्वारा कि जा रही तैयारियों के संबंध में समस्त अपर आयुक्त व विभाग प्रमुख को आवंटित झोन क्षेत्र में सर्वेक्षण की गाइड लाईन व प्रोटोकॉल अनुसार आवश्यक व्यवस्थाऐं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान सर्वे दल द्वारा रहवासी क्षेत्र, व्यवसायिक क्षेत्र, सार्वजनिक शौचालय व मुत्रालय के साथ ही बाजारो में वर्तमान में क्या-क्या तैयारियां की गई है, और प्रोटोकॉल अनुसार क्या-क्या तैयारियां की जाना है, के संबंध में भी अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसके साथ ही आयुक्त श्रीमती सिंह द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण व वॉटर प्लस सर्वेक्षण के दौरान क्षेत्र में मुख्य मार्ग, फुटपाथ, पाथ-वे, चेम्बर सफाई में आवश्यकतानुसार सौन्दर्यीकरण कार्य, पेंटिंग कार्य, साज-सज्जा कार्य करने के झोनल अधिकारी, जलप्रदाय व जनकार्य विभाग के इंजीनियरो को कार्य करने के निर्देश दिये गये। साथ ही वॉटर प्लस सर्वेक्षण के तहत शहर में स्थित वॉटर बॉडीस, ओपन डेफिकेशन, येलो स्पॉट, रेड स्पॉट की मॉनिटरिंग करने, रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड क्षेत्र में पर्याप्त सफाई व्यवस्था, डेनेज लाईन सफाई कार्य, नदी-नाला सफाई कार्य आदि की भी झोनवार समीक्षा करते हुए, आगामी 03 दिवस में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।

# ईसीएचएस योजना में भूतपूर्व सैनिकों को मिलेगी इलाज की सुविधा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंडेक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में अब भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) कार्डधारकों को भी इलाज की सुविधा मिल सकेगी। भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) के शुरूआत के साथ इंडेक्स अस्पताल की सुपर स्पेशिलिटी सर्विसेस का लाभ भूतपूर्व सैनिक भी ले सकेंगे। इस योजना की शुरूआत के साथ देशभर के भूतपूर्व सैनिक अब इंदौर के इंडेक्स अस्पताल में इस योजना के अंतर्गत अपना इलाज निःशुल्क करवा सकते है। अभी तक मेडिक्लैम और विभिन्न योजनाओं के जरिए मरीजों को इलाज मिल रहा है। भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) से भारतीय सेना के रिटायर कर्मचारियों को इंदौर में इंडेक्स अस्पताल में इलाज की बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

## हज यात्रा पर जाने वालों का इस्तकबाल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। रामपुरा के जनाब अब्दुल रहीम शेख ठेकेदार एवं उनकी श्रीमती सरफराज शेख हज पर जा रहे हैं। रामपुरा नगर एवं मंदसौर शहर में उनका स्वागत सत्कार हर समाज के लोगों ने बड़े जोश और खरोश के साथ धूमधाम से किया। इंदौर में उनका इस्तकबाल अब्दुल रहीम खान, आरिफ खान, अय्यूब खान, शेख मुमताज हुसैन ने किया।

# चेतावनी के बाद 120 ठेकेदारों ने किया अनुबंध

## ● अब हर 15 दिन में देना होगी वर्क प्रोग्रेस रिपोर्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। नगर निगम मुख्यालय में विगत चार दिनों से महापौर जोनवाइज विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे है। इसमें काम शुरू करके पूरा न करने वाले और टेंडर लेने के बाद अनुबंध न करने वाले ठेकेदारों को हटाने की लगातार धमकी दी जा रही है। इसका असर यह हुआ कि 120 ठेकेदारों ने वर्क आर्डर लेने के बाद काम शुरू करने के लिए अनुबंध कर लिया है। महापौर भाग ने भी तय कर दिया है कि ठेकेदारों को हर 15 दिन में अपने वर्क की प्रोग्रेस रिपोर्ट देना होगी।

निगम मुख्य स्थित महापौर परिषद में पिछले चार दिन से समीक्षा बैठक चल रही है। गुरुवार को जोन 8.9, 10 और 11 में हुए विकास कार्यों को लेकर समीक्षा की गई। इस दौरान वार्ड में सड़क, डैःनेज व नर्मदा की पाइप लाइन डालने, स्कूलों के नए भवन बनाने सहित जीर्णोद्वार, नाली का निर्माण बगीचों में सिविल वर्क, पानी निकासी के लिए स्ट्राम वाटर लाइन, समेत अनेक कार्यों की समीक्षा की गई।

12 की दौरान भाजपा-कांग्रेस के पार्षदों ने ऐसे ठेकेदारों की शिकायत की जिन्होने टैंडर लेने के बाद भी काम शुरु करने का अनुबंध नहीं किया। इस मामले में महापौर ने अधिकारियों को ऐसे ठेकेदारों को नोटिस जारी कर 15 दिन में काम शुरू न करने पर टैंडर निरस्त करने के साथ टैंडर में शामिल होने पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया। इसका असर यह हुआ कि 120 से अधिक ठेकेदारों ने टैंडर स्वीकृति के पश्चात कार्य करने का अनुबंध कर लिया है।

### पार्षद के साथ हर सप्ताह करें बैठक

कल हुई समीक्षा बैठक में महापौर भार्गव ने ठेकेदारी को निर्देशित किया है कि हर 15 दिन में विकास कार्य की प्रोग्रेस रिपोर्ट तैयार संबंधित अफसर के समक्ष प्रस्तुत करें ताकि विकास कार्यों को गति मिल सके। जोनल अफसरों को निर्देशित किया गया कि वह अपने-अपने जोन क्षेत्र में स्वीकृत विकास कार्य को क्षेत्र के साथ हर सप्ताह बैठक करके विकास कार्यों को करें। समीक्षा बैठक के दौरान महापौर ने कार्य नहीं करने वाले 8 ठेकेदारों के खिलाफ कारवाई करते सुरक्षा राशि जब्त करवा दी।

कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

# इंदौर की सफाई व्यवस्था देखने असम के वरिष्ठ अधिकारी और केबिनेट के सदस्य आएंगे

## ● 25 सदस्यों का दल पहले इंदौर फिर भोपाल का दौरा करेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा है कि मध्यप्रदेश ने स्वच्छता और कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य किया है। असम के वरिष्ठ अधिकारी और केबिनेट के सदस्यों सहित एक 25 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल भोपाल और इंदौर भेजा जाएगा, आप उनको गाइड कीजिएगा। मुख्यमंत्री डॉ. बिस्वा सरमा ने यह बात मध्यप्रदेश और असम की संयुक्त वीडियो कान्फ्रेंस में कही।**

प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास नीरज मंडलोई और आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास भरत यादव ने योजनाओं का प्रस्तुतिकरण किया। मध्यप्रदेश की उल्लेखनीय उपलब्धियों, रणनीति, भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गयी। इंदौर और भोपालमें लीगेसी वेस्ट के निपटान के लिए विशेष प्रयासों के साथ ही प्रदेश में लगातार किए जा रहे व्यवहार परिवर्तन और संचार के प्रयासों से भी अवगत कराया गया।

प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई ने मध्यप्रदेश शासन की ओर से असम के मुख्यमंत्री डॉ. सरमा को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। ज्ञातव्य है कि मध्यप्रदेश ने अपनी शहरी स्वच्छता यात्रा में कई कीर्तिमान स्थापित करके सम्पूर्ण देश का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया है। मध्यप्रदेश द्वारा किए जा रहे प्रयास, स्वच्छता सेवाएँ, कचरा प्रबंधन, व्यवहार परिवर्तन आदि के अनुभव देश में चर्चा का विषय हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में मध्यप्रदेश को देश के नंबर वन राज्य का सम्मान प्राप्त हुआ है। इसके अलावा देश के नंबर वन स्वच्छ शहर इंदौर और भोपाल ने भी दुनियाभर में अपनी छाप छोड़ी है। प्रदेश के 80 प्रतिशत से अधिक निकायों ने अपनी स्वच्छता रैंकिंग में वृद्धि की है। इस समय प्रदेश के नगरीय निकाय आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 की तैयारियों में जोर-शोर से जुटे हुये हैं।

# अभिमन्यु कटआऊट का सेल्फी पांइट लगाकर लोगों को किया जागरुक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर पुलिस की टीम द्वारा आज शुक्रवार को सरवटे बस स्टैंड, गंगवाल बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन,एमवाय हॉस्पिटल के सामने एवं मधुर मिलन चौराहा आदि स्थानों पर लोगों के बीच पहुंचकर वहां अभिमन्यु कटआऊट का सेल्फी पांइट लगाकर, लोगों को अभिमन्यु अभियान के बारे में जानकारी देते हुए, महिलाओं के लिये सुरक्षित माहौल निर्मित हो इसके लिये लड़कों/पुरूषों को महिलाओं के प्रति सम्मान व उनकी सुरक्षा में वे पूर्ण सहभागी बनने के लिये प्रेरित किया गया। जिस पर लड़को/पुरूषों ने मै हूं अभिमन्यु के तहत महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा का ध्यान रखने संबंधित संकल्प लेकर सेल्फी भी खींची। पुलिस ने आम नागरिकों को महिला सुरक्षा हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाईन की जानकारी भी दी।

# 32 बुजुर्ग यात्रियों को शासकीय खर्च पर हवाई जहाज से भेजा गया गंगा सागर तीर्थ यात्रा पर

**● मंत्री सिलावट और महापौर ने तीर्थ यात्रियों का पुष्पहारों से किया स्वागत-सत्कार**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। किसी भी शासकीय योजना के क्रियान्वयन में इंदौर में आज शुक्रवार 16 जून को एक नया इतिहास लिखा गया। यह पहली बार है, जब इंदौर जिले के 32 बुजुर्ग यात्रियों को शासकीय खर्च पर हवाई जहाज से गंगा सागर तीर्थ यात्रा पर भेजा गया है। यह तीर्थ यात्री अभूतपूर्व उत्साह और उमंग के धर्ममय वातावरण में हवाई जहाज से रवाना हुए। विमानतल पर जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट और महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने पहुंचकर तीर्थ यात्रियों का पुष्पहारों से स्वागत-सत्कार किया। उन्होंने यात्रियों को शुभकामनाएं दी। यात्रा पर जा रहे  बुजुर्गों ने हवाई जहाज से कराई जा रही निःशुल्क यात्रा के लिये मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त किया। यात्रियों का विधायक श्री रमेश मेंदोला ने भी स्वागत किया। हवाई जहाज से तीर्थ यात्रा पर जाने वालों में जय भवानी नगर निवासी कांताबाई शर्मा, रामानंद नगर निवासी कैलाश, माली मोहल्ला निवासी रमा एवं उनके पति रामचंद्र, सर्वहारा नगर निवासी लक्ष्मीबाई, शीलनाथ कैम्प निवासी रामदयाल, चंद्रभागा निवासी प्रमोद कुमार कालभवर तथा उनकी पत्नी इंदु, मोती तबेला निवासी रमेश चंद्र और उनकी पत्नी रूकमणी बाई, द्वारकापुरी के भगवती, समाजवाद नगर की मैनाबाई, पंचमुर्ति नगर निवासी खेत सिंह पटेल और उनकी पत्नी ताराबाई, अम्बेडकर नगर निवासी प्रभुलाल बेंडवाल और उनकी पत्नी गंगाबाई, जग जीवन राम नगर के संघर्ष कुमार वर्मा, छोटी खजरानी की मथुराबाई, खिमलावदा देपालपुर के गजानंद पटेल, खिमलावदा के शंकर लाल और उनकी पत्नी शांतिबाई, बनेड़िया के मोहन लाल, बावलिया खुर्द के मोहन देधलिया, डकाचिया के डुंगर सिंह पटेल और उनकी पत्नी गंगाबाई, बावलिया खुर्द के राधेश्याम चौधरी, शहीद भगत सिंह नगर निवासी सुगनीचंद लाहोरी और उनकी पत्नी गोपी लाहोरी, टीही के अंतर सिंह, हासलपुर के सत्यनारायण ठाकुर तथा आम्बाचंदन के रामेश्वर पांचाल और उनकी पत्नी रामीबाई शामिल है। इनमें अनेक ऐसे बुजुर्ग है, जो अपनी पत्नी के साथ यात्रा पर जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री जी ने हाल ही में घोषणा की थी की अब हवाई जहाज से पति अपनी पत्नी के साथ यात्रा कर सकेंगे।

## नव आरक्षकों की इंटर कंपनी खेल-कूद प्रतियोगिताओं का समापन आज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। रूस्तमजी सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय इंदौर के महेश गार्ड लाइन परिसर में शनिवार 17 जून को शाम 05:30 बजे नव आरक्षकों की इंटर कंपनी खेलकूद प्रतियोगिताओं का समापन किया जायेगा। यह समापन कार्यक्रम अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आरएपीटीसी डॉ. वरूण कपूर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया।  इस प्रतियोगिता में 04 कंपनियों द्वारा सभी विधाओ क्रमशः बॉस्केट बॉल, फुटबॉल, वॉलीबाल, हैण्डबॉल, क्रिकेट, दौड़ (क्रमशः 100 मी., 400 मी. व 1500 मी.) गोला फेंक, लाँग जम्प व हॉई जम्प में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली कंपनी के नव आरक्षकों को पुरस्कार दिया जायेगा। सभी विधाओ में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली कंपनी को ओवरऑल चैंपियनशीप का पुरस्कार दिया जायेगा। यह प्रतियोगिता 414 नव आरक्षकों के लिये आयोजित की गई।

## बुजुर्ग महिला ने जहर पीकर दी जान

**इंदौर**। मानपुर इलाके में एक बुजुर्ग महिला ने जहर पीकर अपनी जान दे दी।  वह शराब पीने की आदी थी। परिजन का कहना है कि जहर को शराब समझकर गटक गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका का नाम सागर बाई पति जगिया उम्र 70 वर्ष निवासी काली कराई मानपुर है। कल परिजन सुभाष उसे गंभीर हालत में अस्पताल लेकर पहुंचा जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सुभाष ने बताया कि सागर बाई रोज शराब पीती थी, कल जहर पी गई।



आज ही अपनी जानकारी सबमिट करे www.detectivegroup.in पर
Whatsapp us on +91-91110 50101

# प्रेमिका के लिए इस्लाम छोड़ सनातनी बना फाजिल

● राम मंदिर में लिए फेरे; कोर्ट मैरिज के बाद विवाद उठा तो बदला धर्म

**नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर जिले में एक युवक ने लव मैरिज के लिए अपना मजहब बदल लिया। युवक ने इस्लाम छोड़कर सनातन धर्म अपनाया। उसने गुरुवार रात प्रेमिका से करेली के राम मंदिर में शादी की। दोनों ने पहले कोर्ट मैरिज की थी। जब फाजिल खान और शोनाली के विवाह का पर्चा सामने आया तो विवाद की स्थिति बन गई। इसके बाद युवक ने सनातन धर्म अपनाने का फैसला किया। फाजिल खान से अमन राय बने युवक ने शोनाली से वैदिक रीति-रिवाज से शादी की। उसने बताया कि उसकी सनातन धर्म में हमेशा से रुचि थी। प्रेमिका से शादी करने के लिए इस्लाम छोड़ा है। शादी के दौरान मंदिर में उसके कुछ दोस्त और परिचित मौजूद थे।

### सोशल मीडिया पर विवाह का नोटिस हुआ था वायरल

इस शादी से पहले एक पत्र सामने आया था। यह विशेष विवाह अधिनियम को लेकर दी गई सूचना थी। इसमें फाजिल और शोनाली ने अपनी शादी का आवेदन दिया था। इसी साल 23 जनवरी को नोटिस जारी हुआ। इसमें दोनों ने अपनी मर्जी से शादी करने की बात लिखी है। यह नोटिस विवाह अधिकारी के सूचना पटल पर लगाया गया था।

### युवती और गवाहों को लेकर होने वाली थी शोक सभा

इस नोटिस के सामने आने के बाद विवाह के गवाहों का सामाजिक बहिष्कार करने की बात होने लगी थी। युवती और दोनों गवाहों को लेकर शोक सभा करने की बात भी सामने आई थी। जिसके बाद लड़के ने हिंदू धर्म अपनाने का फैसला कर लिया। करेली के श्रीराम मंदिर में पूजा कर उसने धर्म परिवर्तन किया।

# फंदे पर लटका मिला होमगार्ड सैनिक का शव

● सुसाइड नोट में लिखा-गर्लफ्रेंड और उसके माता-पिता ने पैसे ऐंठे; रेप का झूठा आरोप लगाया

**गुना।** गुना में होमगार्ड सैनिक लेखराज लोधा ने खुदकुशी कर ली। शुक्रवार सुबह उसका शव कमरे में फंदे पर लटका मिला। मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें उसने गर्लफ्रेंड और उसके मां-बाप को अपनी मौत का जिम्मेदार बताया है। दो पेज के सुसाइड नोट में उसने लिखा- हमें प्यार करता था। गर्लफ्रेंड दो-तीन और लड़कों से बात करती है। मुझ पर शादी का दबाव बनाया। पैसे ऐंठे। मेरे खिलाफ रेप की झूठी एफआइआर करा दी। मैं इन तीनों से बहुत परेशान हो चुका हूं इसीलिए आत्महत्या कर रहा हूं। युवक ने अपने मम्मी-पापा के लिए लिखा- मुझे माफ कर देना...। मामला गुना में कैंट इलाके के मंगवार गांव का है। यहां रहने वाले लेखराज लोधा की ड्यूटी राघोगढ़ थाने में थी। वह मंगवार से अप-डाउन करता था। गुरुवार को ही लड़की और उसके परिवार ने लेखराज के खिलाफ कैंट थाने में रेप की शिकायत की थी। उसे थाने में बुलाया भी गया था। ड्यूटी के बाद वह अपने घर लौटा। शुक्रवार सुबह कमरे में फांसी लगा ली।

### दोस्तों को भी भेजा सुसाइड नोट

परिजन ने बताया कि लेखराज चार भाई-बहन में सबसे छोटा था। दो बड़े भाई और बड़ी बहन की शादी हो चुकी है। मामा के बेटे हीरालाल लोधा ने बताया कि गुरुवार रात लेखराज ने सुसाइड नोट लिखा। अपने कुछ दोस्तों को यह नोट भेजा भी, लेकिन जब तक वे लोग कुछ कर पाते, बहुत देर हो चुकी थी। शुक्रवार सुबह लेखराज के पिता उसे जगाने पहुंचे तो वह फंदे पर लटका था। लोग दरवाजे की कुंडी तोड़कर उसके कमरे में एंटर हुए थे।

# मेरा पति मुझ पर शक करता है, बांधकर पीटता है :बोली

## मुझे बहन-जीजा ने आसरा दिया तो पति ने उनकी हत्या कर दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** हामेरा पति मुझ पर शक करता है। खटिया से हाथ-पैर बांधकर छाती पर बैठ जाता और पीटता था। वह आदतन अपराधी है। चाकू लेकर घूमता है। पीट-पीटकर मुझे पागल जैसा बना दिया। घबराकर मैं अपनी बेटी सुशीला (13) को लेकर बड़ी बहन काली के घर आ गई। मैं तो मरने की कगार पर थी। बहन और जीजा शंकरलाल के साथ उनके बेटों ने मुझे हिम्मत दी। यही बात पति को बुरी लग गई। उसने मेरी बहन और जीजा की हत्या कर दी।ह्रा ह बयान खंडवा में डबल मर्डर मामले में पुलिस के सामने मंगराबाई ने दिया है। वह मुख्य आरोपी सुखलाल की पत्नी है। बुधवार को पिपलौद थाना क्षेत्र के सालई ढाणा गांव में खेत में सो रहे बुजुर्ग दंपती शंकरलाल और उनकी पत्नी कालीबाई के शव लहूलुहान मिले थे। उनके गले पर धारदार हथियार के निशान थे। परिवारवालों ने शंकरलाल के साढ़ू सुखलाल पर हत्या का आरोप लगाया है। वारदात के बाद से सुखलाल फरार है।

# महाराष्ट्र, उत्तराखंड के बाद मध्यप्रदेश के मंदिर में ड्रेस कोड

## अशोकनगर के मंदिर में हाफ पैंट, कैपरी और लोअर पर रोक; महिलाओं का सिर ढंकना जरूरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अशोकनगर। महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के कई मंदिरों में ड्रेस कोड लागू है। अब मध्यप्रदेश के एक मंदिर में ड्रेस कोड लागू करने के लिए बोर्ड लगा दिया गया है। ये मंदिर अशोकनगर में है। पहले वो अपील पढ़ते हैं, जो मंदिर के बाहर बोर्ड पर लगी है।**

कृपया मंदिर परिसर में मर्यादित वस्त्र पहनकर ही प्रवेश करें। हाफ पैंट, कैपरी, लोअर पर प्रतिबंध है। माता बहनें सिर ढंककर ही मंदिर में प्रवेश करें।

### विदक सर्व समाज अशोकनगर

ये अपील लिखा बोर्ड अशोकनगर के बीचों-बीच स्थित 200 साल पुराने तार वाले बालाजी मंदिर में लगा है। मंदिर में मंगलवार और शनिवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। आम दिनों में भी बड़ी संख्या में भक्त आराध्य के दर्शनों के लिए यहां पहुंचते हैं। इन दिनों सर्व समाज की बैठक के बाद यहां लगाए गए एक बोर्ड की चर्चा हो रही है। अचानक से बोर्ड के लगाए जाने की वजह की पड़ताल की। मंदिर के पुजारी, विधायक समेत रहवासियों से बातचीत भी की।

### गलत हरकतें करते पकड़े गए थे लड़का-लड़की

बताया गया कि कुछ दिनों से देखा जा रहा था कि मंदिर के आसपास असामाजिक तत्व दिख रहे थे। मंदिर के एक हिस्से में कुछ लोग एकांत पाकर समय बिताने लगे थे। लोगों का कहना है कि ऐसे में यहां आने वाले श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंच रही थी। बैठक से एक-दो दिन पहले ही लड़के-लड़की यहां आपत्तिजनक हालत में पकड़ाए थे। यह बात संज्ञान में आने के बाद सर्व समाज की बैठक हुई। इसके बाद यह निर्णय लिया गया।

### सभी समाजों के अध्यक्षों की बैठक में निर्णय

26 मई को श्री कृष्ण संस्थान सनातन धर्म से जुड़े सभी समाजों के अध्यक्षों की बैठक हुई थी। इस बैठक में समाज के उत्थान के लिए कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। इसी दौरान तार वाले बालाजी मंदिर में भी मर्यादित कपड़े पहनकर आने को लेकर एक सवाल उठा। इस पर सभी ने सहमति बनाई कि वहां मर्यादित कपड़े पहनकर आने के लिए एक बोर्ड लगाया जाए। इसके बाद यह बोर्ड मंदिर के बाहर लगा दिया गया। बैठक में शामिल रहे केपी यादव सेमरा ने बताया कि उस बैठक में सभी समाज के लोग थे और सभी की सहमति से यह तय किया गया था। इसका असर भी देखा गया है। वहां पर अब लोग इस तरह के कपड़े पहनकर नहीं जा रहे हैं।

### संस्कृति में मर्यादा का महत्व हमेशा से रहा: विधायक

अशोकनगर विधायक जजपाल सिंह जज्जी ने कहा कि मंदिर में मर्यादित कपड़े पहनकर आने को लेकर एक बोर्ड लगाया गया है। हमारी संस्कृति में मयार्दा का महत्व हमेशा से रहा है। माता-बहनें क्या पहनें, क्या नहीं पहनें... ये वे खुद तय करें। हर इंसान को अपना जीवन जीने की स्वतंत्रता है। जहां तक मंदिर की बात है तो यह स्थान लोगों की आस्था का केंद्र है। हमारी अपनी एक परंपरा है जैसे, गुरुद्वारे में सिर ढंककर जाना होता है। इस पर अगर कोई आपत्ति करे, तो मैं समझता हूं, यह व्यावहारिक नहीं है। मंदिर प्रबंधन ने यह कहा है कि मर्यादित कपड़े पहनकर आएं, तो यह संस्कारों की बात है। हमारी संस्कृति है, ईश्वर के पास मयार्दा में जाएं। हम जाते भी हैं। मैं नहीं समझता, इसमें कुछ गलत है। वहां सबकुछ मंदिर प्रबंधक सहमति से ही तय होता है।

# मासूम का सिर पानी में डुबोया, ऊपर बैठकर हत्या

● चचेरा भाई कुकर्म करने जंगल ले गया था; चिट्ठी ने खोली मर्डर मिस्ट्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** ग्वालियर में 16 दिन पहले लापता हुए 9 साल के छात्र की हत्या हो गई है। शुक्रवार को उसका कंकालनुमा शव मिला। आरोपी उसका दूर के रिश्ते में चचेरा भाई लगता है। इन 16 दिन में वह बच्चे के परिवार का मददगार बनने का ढोंग करता रहा। बच्चे के परिवार के साथ मिलकर उसकी तलाश करता रहा। कई बार पुलिस स्टेशन भी पहुंचा। पुलिस को गुमराह करने के लिए 6 दिन पहले छात्र के घर धमकी भरी फिरौती की चिट्ठी भी चस्पा कर दी थी। लेटर में लिखा नंबर फेक निकला। पुलिस ने यहीं से अपनी जांच किडनैपिंग की जगह दूसरे एंगल पर घुमा दी। आरोपी पकड़ा गया। उसके बताए अनुसार शुक्रवार सुबह बच्चे का कंकाल आरोली के जंगल से बरामद हुआ। छात्र के कपड़े और आरोपी की साफी भी यहां मिली। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह बच्चे को जंगल ले गया था। वहां उसके साथ कुकर्म की कोशिश की। जब सफल नहीं हुआ और लगा कि वह घर पर बता देगा तो उसने उसे मार डाला। जंगल में गड्ढे में भरे पानी में उसने बच्चे का सिर डाला और उसके ऊपर बैठ गया।

घटना ग्वालियर से 22 किलोमीटर दूर पारसेन गांव की है। यहां रहने वाले किशोर माहौर का 9 वर्षीय बेटा ध्रुव 31 मई की शाम बच्चों के साथ खेल रहा था। कुछ देर बाद जब उसके परिजन बुलाने पहुंचे, तो वह वहां नहीं मिला। उसके साथ खेल रहे अन्य बच्चों का कहना था कि ध्रुव यहीं हैंडपंप के पास खेल रहा था। वहां से कहां चला गया, उन्हें कुछ नहीं पता।

# थाने के सामने उड़ाए 500-500 के नोट

## महिला बोली- बेटा पीटता है, पुलिस कार्रवाई नहीं करती; पैसा मांगती है, इसलिए फेंके नोट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नीमच।** एक महिला ने थाने के सामने जमकर हंगामा किया। उसने थाने के सामने 500-500 रुपए के नोट उड़ाए और पुलिस पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। महिला के हंगामे के चलते वहां भीड़ जमा हो गई। साथ ही ट्रैफिक जाम के हालात भी बन गए। मामला शहर के कैंट थाने का है। जहां शांति बाई नाम की महिला थाने पहुंची थी। महिला ने बताया कि बेटा उसके साथ मारपीट करता है। थाने में उसके खिलाफ शिकायत भी दर्ज कराई, लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। वह कार्रवाई की मांग करती है, तो पुलिस पैसा मांगती है। इसलिए वह अपने साथ 500-500 रुपए के नोटों की गड्डी लाई और उसने थाने के सामने नोट बिखेर दिए। जानकारी के मुताबिक महिला ने करीब 25 हजार रुपए के नोट सड़क पर बिखेर दिए।

# बच्चे का शव थैले में रखकर ले जाना पड़ा

● जबलपुर मेडिकल कॉलेज से नहीं मिला शव वाहन; बस से डिंडौरी पहुंचे माता-पिता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**डिंडौरी। जबलपुर में एक पिता को अपने नवजात बच्चे का शव थैले में रखकर ले जाना पड़ा। उसने अस्पताल प्रबंधन से शव वाहन की मांग की, लेकिन प्रबंधन ने वाहन देने से मना कर दिया। ऐसे उसने नवजात का शव थैले में रखा और बस स्टैंड की ओर चल पड़ा। यहां से बस में सवार होकर डिंडौरी पहुंचा। रास्तेभर उसका दिल रोता रहा, लेकिन उसने आंसू नहीं आने दिए। दिल पर पत्थर रखकर बैठा रहा, क्योंकि बस वालों को पता चलता तो उसे उतार सकते थे। आज नवजात का शव यहां नर्मदा किनारे दफनाएंगे।**

डिंडौरी के सहजपुरी निवासी सुनील धुर्वे ने बताया कि उनकी पत्नी जमनी बाई ने 13 जून को जिला अस्पताल में पहली डिलीवरी हुई थी। उसने बेटे को जन्म दिया था। नवजात शारीरिक रूप से कमजोर था। 14 जून को डॉक्टर ने उसे जबलपुर मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया। जबलपुर में 15 जून को इलाज के दौरान नवजात की मौत हो गई। नवजात के शव को वापस डिंडौरी लेकर आना था। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन से शव वाहन उपलब्ध कराने का निवेदन किया, लेकिन उन्होंने मना कर दिया, इसलिए शव को थैले में रखकर लाए हैं।

### बस स्टाफ जान लेता तो उतार देता

आर्थिक रूप से कमजोर सुनील धुर्वे ने बताया कि जब मेडिकल कॉलेज से शव वाहन नहीं मिला तो क्या करते। प्राइवेट वाहन का किराया चार से पांच हजार रुपए है, इसलिए हमने नवजात के शव को थैले में रखा। जबलपुर से डिंडौरी आने वाली बस में बैठ गए। दिल रो रहा था, लेकिन मजबूरी ये थी कि हम रो भी नहीं पा रहे थे। बस ड्राइवर और कंडक्टर को पता चल जाता कि हमारे पास बच्चे का शव है, तो वह हमें बस से उतार देते, इसलिए सीने में पत्थर रखकर बैठे रहे।

## संपादकीय

### हिमालय के गर्भ में नाजुक चट्टानें

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के राष्ट्रीय रिमोट सेंसिंग सेंटर द्वारा तैयार भारत का भूस्खलन मानचित्र या एटलस-2023, हिमालयी राज्य उत्तराखंड की डरावनी तस्वीर दिखा रहा है। इस एटलस में हिमालय से लेकर पश्चिमी घाट तक देश के 17 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों को भूस्खलन-संवेदनशील क्षेत्रों में शामिल किया है। इनमें उत्तराखंड के दो जिले-रुद्रप्रयाग और टिहरी गढ़वाल को सबसे ऊपर रखा गया है। इस रिपोर्ट से पता चलता है कि देश में रुद्रप्रयाग, टिहरी गढ़वाल, राजौरी, त्रिशूर, पुलवामा, पलक्कड़, मालाप्पुरम, दक्षिण सिक्किम, पूर्वी सिक्किम और कोझिकोड में भूस्खलन का खतरा सबसे ज्यादा है। हिमालय में भूस्खलन विभिन्न भूगर्भीय कारणों से हो सकता है, जिनमें टेक्टोनिक गतिविधि एक कारण है। गौरतलब है कि हिमालय उत्तर की ओर यूरेशियन टेक्टोनिक प्लेट्स से टकरा रहा है। इसके चलते क्षेत्र में कई भ्रंश, मोड़ और जोर बनते हैं। इन भूगर्भीय संरचनाओं के साथ जमा भूगर्भीय ऊर्जा के अचानक बाहर निकलने से भूकंप और भूस्खलन हो सकता है। ऐसी हलचलें मुख्य केंद्रीय भ्रंश या एमसीटी के आसपास ज्यादा अनुभव की गई हैं। हिमालय में खड़ी ढलानें बहुत ज्यादा हैं, जो भूस्खलन की दृष्टि से काफी संवेदनशील होती हैं। हिमालय के गर्भ में नाजुक चट्टानें हैं। जैसे शेल और मिट्टी, जो आसानी से प्रभावित और नष्ट हो जाती हैं। भारी वर्षा के साथ मिलकर, कमजोर मिट्टी वाली ढलानों पर जमा मलबा तेज वर्षा या वर्षाजल के दरारों में घुसने से नीचे खिसक या लुढ़क जाता है। ग्रेनाइट जैसी मजबूत चट्टानों की तुलना में कमजोर चट्टानें, जैसे कि शेल और सिल्टस्टोन भूस्खलन के लिए अधिक संवेदनशील हैं। भूगर्भीय असंतुलन भी भूस्खलन की संवेदनशीलता को बढ़ाते हैं। चूंकि हिमालय समुद्र से चले मानसून को रोकता है, इसलिए मानसून अपने अंदर की जलराशि को हिमालय पर ही उड़ेल देता है। इसके अलावा, बादल फटने की घटनाएं भी बढ़ रही हैं, जो भूस्खलन और त्वरित बाढ़ आपदा का मुख्य कारण होती हैं। स्थानीय स्थलाकृति, भूमि उपयोग प्रथाओं, और मानव हस्तक्षेप, जैसे वनों की कटाई और निर्माण गतिविधियां भी भूस्खलन की संवेदनशीलता को बढ़ा सकती हैं। भूस्खलन मुख्य प्राकृतिक आपदाओं में से एक है, जो हर साल संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचाने के साथ ही परिवहन और संचार लिंक को अवरुद्ध करने के अलावा सैकड़ों लोगों की जान ले लेता है। पहाड़ी क्षेत्रों के लिए भूकंप के बाद भूस्खलन सबसे बड़ी त्रासदी है। उत्तराखंड जैसे हिमालयी राज्य में हर साल भूस्खलन से भारी धन-जन की हानि होती है। इस पहाड़ी राज्य में औसतन सौ लोग हर साल भूस्खलन में जान गंवा बैठते हैं। भूस्खलन से बड़े पैमाने पर पर्यावरणीय क्षति होती है, जैसे कि मिट्टी के कटाव के कारण तलछट के निर्वहन में वृद्धि और हर साल मानव जीवन का नुकसान। एक अनुमान के अनुसार, भारत में लगभग 42 हजार वर्ग किमी या 12.6 प्रतिशत भूमि भूस्खलन की जद में है। इसमें से 18 हजार वर्ग किमी दार्जिलिंग और सिक्किम सहित उत्तर पूर्व हिमालय में पड़ता है और 14 हजार वर्ग किमी प्रभावित क्षेत्र उत्तर पश्चिम हिमालय (उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू एवं कश्मीर) में पड़ता है। पश्चिमी घाटों और कोंकण पहाड़ियों (तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, गोवा और महाराष्ट्र) में नौ हजार वर्ग किमी और एक हजार वर्ग किमी भूस्खलन का स्थानिक वितरण शेल-सैंडस्टोन-मेटासेडिमेंट्स द्वारा नियंत्रित होता है, जो विच्छेदित पहाड़ियों और घाटियों को उत्पन्न करता है।

**बाल दिवस**

# नारियल का जन्म



**प्राचीन काल में सत्यव्रत नाम के एक राजा राज करते थे। वह प्रतिदिन पूजा-पाठ किया करते थे। उनके पास किसी भी चीज की कमी नहीं थी। वह धन दौलत से लेकर हर प्रकार की सुविधा से समृद्ध थे। हालांकि, इसके बावजूद भी राजा की एक अभिलाषा थी, जिसे वह पूर्ण की चाह रखते थे। दरअसल, राजा सत्यव्रत को किसी प्रकार से स्वर्गलोक जाने की इच्छा थी। वह अपने जीवन में कम से कम एक बार स्वर्गलोक के सौंदर्य को देखना चाहते थे, लेकिन उन्हें इसका मार्ग नहीं पता था।**

इधर, दूसरी तरफ ऋषि विश्वामित्र अपनी तपस्या के लिए घर से बाहर निकले। चलते-चलते वह अपनी कुटिया से काफी आगे चले गए थे। काफी समय बीत गया लेकिन वह नहीं लौटे। इस कारण उनका परिवार भूख और प्यास से तड़प रहा था। राजा सत्यव्रत को जब यह पता चला तो उन्हें ने ऋषि विश्वामित्र के परिवार के पालन पोषण की जिम्मेदारी ले ली।

कुछ समय बाद जब मुनिवर लौटे तो वे अपने परिवार को कुशल देख काफी प्रसन्न हुए। उन्होंने पूछा कि उनकी अनुपस्थिति में किसने उनकी देखभाल की? इसपर ऋषि के परिवार वालों ने बताया कि राजा ने उनके पालन पोषण की जिम्मेदारी उठाई थी। यह सुनकर ऋषि विश्वामित्र तुरंत राजमहल पहुंचे और राजा से मुलाकात की।

वहां पहुंचकर उन्होंने सबसे पहले महाराज को धन्यवाद कहा। इस पर राजा ने ऋषि अपनी इच्छा पूर्ण होने का आशीर्वाद मांगा। राजा की बात सुनकर ऋषि विश्वामित्र ने कहा, "बोलिए महराज आपको क्या वरदान चाहिए।" तब महाराज ने कहा, "हे मुनि! मुझे एक बार स्वर्गलोक के दर्शन करने हैं। कृपया करके मुझे वहां जाने का वरदान दें।"

राजा की प्रार्थना सुनकर ऋषि विश्वामित्र ने एक ऐसा रास्ता बनाया जो स्वर्गलोक की ओर जाता था। यह देख राजा सत्यव्रत बहुत खुश हुए। वह तुरंत उस रास्ते पर चल पड़े और स्वर्गलोक पहुंच गए। यहां पहुंचते ही इंद्र देव ने उन्हें नीचे धक्का दे दिया, जिसके कारण वो सीधे धरती पर जा गिरे। राजा ने सत्यव्रत ने तुरंत सारी घटना ऋषि विश्वामित्र बताई।

राज की बात सुनकर ऋषि विश्वामित्र गुस्से से आग बबूला हो उठे। उन्होंने तुरंत सभी देवताओं से इस बारे में बात की और इस समस्या का हल निकाला। जिसके बाद राजा के लिए एक नया स्वर्गलोक बनाया गया। नए स्वर्गलोक को पृथ्वी और देवताओं के स्वर्गलोक के बीचो बीच स्थापित किया गया था, ताकि किसी को परेशानी न हो।

नए स्वर्ग लोक से राजा सत्यव्रत तो बहुत खुश हुए लेकिन विश्वामित्र को एक चिंता लगातार सता रही थी। उन्हें डर था कि नया स्वर्गलोक कहीं जोरदार हवा के कारण गिर न पड़े। अगर ऐसा होगा तो राजा सत्यव्रत दोबारा से धरती पर जा गिरेंगे। काफी सोच विचार के बाद ऋषि विश्वामित्र को एक उपाय सूझा। उन्होंने नए स्वर्ग लोक के नीचे एक बहुत लंबा खंभा लगा दिया, ताकि उसे सहारा मिल सके।

ऐसी मान्यता है कि नए स्वर्ग लोक के नीचे लगाया गया खंभा एक विशाल पेड़ के तने के रूप में बदल गया। यही नहीं, कुछ समय पश्चात जब राजा सत्यव्रत की मृत्यु हुई तो उनका सिर एक फल में तब्दील हो गया। सभी से इस खंभे को नारियल का पेड़ कहा जाने लगा। जबकि राजा का सिर नारियल के रूप में जाना गया। यही कारण है कि नारियल का पेड़ इतना लंबा होता है।

### कहानी से सीख

इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि अगर सच्चे मन से किसी की मदद करे तो हमारी हर ख्वाहिश पूरी हो सकती है।



## Highlights

1. Mobs clash with security forces, attempt to loot weapons in Manipur
2. Professional targeted repair system for damaged hair: Matrix Opti. Repair
3. 27-yr-old xQc signs $100 million deal with streaming platform Kick
4. 2 people dead as AAP MLA's pilot car hits two-wheeler in Punjab
5. 15-yr-old startup founder Eric's post on LinkedIn deleting his account goes viral
6. Indian parents denied custody of their daughter Ariha by German court

# Markets at record high but retail activity not picking up. Zerodha's Nithin Kamath explains why

**NEW DELHI, (Agency).** After a muted start to the year, equity benchmark indices Sensex and Nifty closed at fresh lifetime highs on Friday amid a firm trend in the global market. However, Nithin Kamath, the co-founder, and CEO of Zerodha, shared apprehension about it being considered a 'bull run'. He explained that retail activity was still low and may not rise due to high interest rates.

"Markets are back at all-time highs, but it doesn't feel like a bull run because retail activity isn't picking up. Active clients on NSE, Google, and social media trends are way below all-time highs. Unlikely that activity will pick up given the higher interest rate environment," he wrote on Twitter.

Kamath also shared a graph portraying the sustained decline in National Stock Exchange (NSE) active clients since June 2022. According to NSE, active clients are those who have traded once in the past twelve months.

In a follow up tweet, the



billionaire entrepreneur posted another graph showing investors' declining interest coupled with a dip in Google search for the words 50 and Sensex.

According to Google Trends, Nifty 50 and keywords experienced peak interest during the 2020 COVID-19 lockdown. This was owing to the rush of retail investors in the as they were tied down to their homes. The Zerodha chief added that high interest rates offered by low-risk fixed-income instruments - such as bank's fixed deposits - were more attractive to retail investors, who wish to opt for safer options in the market, and offered 'real competition' to the online brokerage firm instead of its peers. "I keep telling our team that our competition is really the bank's fixed-deposit rates, not our peers. Most retail investors question whether taking the added equity risk is worthwhile when govt bonds and FDs yield 7% plus," Kamath noted. The RBI had brought in six consecutive rate hikes since May 2022 to rein in inflation. High-interest rates in the economy meant that banks had to raise the deposit and lending rates, offering investors lucrative options with less risk compared to equity markets.

# Domestic airlines witness impressive growth; passenger count soars by 36%

**NEW DELHI, (Agency).** India's domestic aviation sector experiences remarkable growth as the number of passengers carried by airlines from January to May grew over 36 per cent compared to the previous year, according to government data. Among domestic airlines, Indigo, Vistara, and Air Asia got an increase in market share.

The many positives for the Indian aviation sector



1. Showing a recovery from Covid-19 induced slump, domestic airlines carried 636.07 lakh passengers from January-May, marking a 36.10% annual increase compared to the same period last year.

2. Passenger count rosed from 114.67 lakhs in May 2022 to 132.41 lakhs in May 2023, a 15.24% growth.

3. May this year saw a 2.52% increase (3.26 lakhs) in passenger numbers compared to April.

4. Higher load factor indicates rising demand for air transportation underscoring the favourable direction of the aviation industry.

5. Scheduled domestic airlines received 556 passenger complaints in May 2023, down from 746 in May 2019.

Confidential
Investigation &
All type of
Detective Services

DETECTIVE GROUP®

+91-91110 50101

- ★ Spousal (or) Pre-Matrimonial check
- ★ Post-Marital Check
- ★ Individual Character (Personal Cases)
- ★ Missing Persons Investigation
- ★ Financial Services Industry
- ★ Background Investigation
- ★ Attomeys& Legal Services
- ★ Investigation (Audio / Video)
- ★ Bussiness Partners, Bussiness & Corporate
- ★ Real Estate Fraud Investigation
- ★ Corporate & Financial Investigation Services
- ★ Spousal (or) Matrimonial Affair During Divorce of Spouse
- ★ Human Resource Professionals Investigation / Shadowing
- ★ Individual Clients Missing / Kidnapped
- ★ Background Investigation
- ★ Criminal Record Check
- ★ Cyber Fraud Investigation
- ★ Forensic Investigation & Documents, Handwriting Check

पूर्ण गोपनीयता...पूर्ण विश्वसनीयता

www.detectivegroup.in

# खेत में मिला शव, किसान की हत्या

## आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। देपालपुर इलाके में एक किसान की हत्या का मामला सामने आया है। दरअसल घर से खेत पर काम करने गए किसान की किसी ने बेरहमी से पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी। वह घर से खेत पर काम करने के लिए गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा, इस पर परिजन उसे ढूंढते हुए खेत पर पहुंचे तो लाश पड़ी मिली। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।**

पुलिस के अनुसार मृतक 50 वर्षीय बाबूलाल पिता मांगीलाल चौधरी निवासी छोटी कलमेर है। बाबूलाल के भाई बहादुर की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों पर केस दर्ज किया गया है। बहादुर ने पुलिस को बताया कि उसका भाई शंकर चौधरी के ग्राम पेमलपुर स्थित खेत पर काम करने के लिए गए थे। जब वह समय पूरा होने के बाद भी वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने पहले तो सोचा की कहीं पर रूक गए होंगे, लेकिन रात में भी नहीं आए तो उनकी तलाश करते हुए खेत पर पहुंचे थे, जहां बाबूलाल का शव मिला। चेहरे को पत्थर अथवा किसी भारी वस्तु से कुचला हुआ था।

सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। पुलिस द्वारा मामले में परिजनों से पूछताछ की जा रही है। वहीं रंजिश के बिंदु पर भी जांच चल रही है। यह भी माना जा रहा है कि तत्कालिक विवाद में किसी ने हत्या की है।

## लूट का मोबाइल बेचने की फिराक में थे, पकड़ाए आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शहर के दो अलग अलग स्थानों में मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर लुटेरों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए मोबाइल भी बरामद कर लिए हैं। क्राइम ब्रांच की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति सस्ते दामों पर मोबाइल बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर गोलू सरसवाल निवासी चोइथराम मंडी और दुर्गेश वर्मा निवासी पवन पुत्र नगर को गिर तार किया। आरोपियों ने पूछताछ में तीन इमली ब्रिज और शनि मंदिर के पास से झपट्टा मारकर मोबाइल लूटना कबूल किया है। आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकल को पुलिस ने बरामद कर लिया है।

## दो तस्करों से ब्राउन शुगर बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। क्राइम ब्रांच की टीम ने ब्राउन शुगर की तस्करी करने वाले दो तस्करों को गिरफ्त में लिया है और उनके पास से करीब 1 लाख 80 हजार रूपए का माल भी बरामद किया है। आरोपियों ने पूछताछ में उज्जैन एवं इंदौर के आसपास के क्षेत्रों में ब्राउन शूगर की डिलेवरी देना कबूल किया है। क्राइम ब्रांच की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति ब्राउन शुगर की तस्करी करने की फिराक में घूम रहा है इस पर टीम ने घेराबंदी कर वेलोसिटी टाकीज के पीछे खाली मैदान से आरोपी नवीन सुकवानी निवासी महक वाटिका को गिरफ्तार कर उसके पास से दस ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की। जिसकी कीमत करीब 1 लाख रूपए बताई जा रही है इसी तरह नेमावर रोड शिव मंदिर के पास छोटी लखानी पर आरोपी बबला उर्फ सिद्दीकी निवीस उ ौन को पकड़ा उसके पास से 8.5 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की है।

# शातिर लुटेरे पुलिस की गिरफ्त में

## एक ही रात में चार वारदातें करना कबूला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। चार स्थानोंपर लूट की वारदातों को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती देने वाले लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्त में लिया है। पकड़ाए आरोपी आदतन अपराधी है और उनके विरुद्ध विभिन्न थानों में की प्रकरण दर्ज हैं। आरोपी नशे के आदि हैं, इसी लत को पूरा करने के लिए वे रुपयों की जरूरत होने पर लूट करते थे।**

कनाडिया पुलिस के अनुसार गत दिनों फरियादी प्रेरणा दुबे निवासी मानवता नगर द्वार रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि स्कटी सवार तीन बदमाशों ने उसकी सोने की चेन छीनकर फरार हो गए हैं। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। इस दौरान घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले गए।

इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि संदिग्ध स्कूटी सवार लड़के घूमते देखे गए हैं। इस पर टीम ने घेराबंदी कर अनस खान निवासी राजीव नगर खजराना,फैजान खान निवासी खजराना और आसिफ शेख निवासी खजराना को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने वारदात करना कबूल किया। आरोपियों ने कनाडिया के साथ खजराना थाना क्षेत्र में भी लूट की वारदात को अंजाम दे चुके हैं। आरोपी नशे के आदि हैं तथा अक्सर इस प्रकार की घटनाओं को लगातार अंजाम देते हैं पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक सोने की चेन व एक एक्टिवा,एक पल्सर व एक स्पेलडर बाइक बरामद की है। आरोपी आदतन अपराधी हैं और उनके खिलाफ पूर्व में भी चोरी डकैती सहित अन्य प्रकरण दर्ज हैं।

## बड़वानी से नौकरी की तलाश में इंदौर आया था, हादसे का शिकार हो गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बस ने सड़क पर एक और युवक की जान ले ली। युवक बड़वानी से नौकरी की तलाश में इंदौर आया था तभी कनाड़िया रोड पर वह हादसे का शिकार हो गया। घटना बुधवार की है। हादसे में गंभीर घायल युवक को उपचार के लिये एमवाय में भर्ती कराया गया था। यहां गुरुवार रात उसकी मौत हो गई। पुलिस बस की तलाश कर रही है। कनाड़िया पुलिस के मुताबिक सनावर (35) पुत्र राजमल मवेड़ा की गुरुवार को मौत हो गई। बुधवार को कनाड़िया पेट्रोल पंप के पास सनावर को एक बस ने चपेट में ले लिया था। उसे घायल अवस्था में डायल-100 एम्बुलेंस ने एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया था। पुलिस के मुताबिक टक्कर मारने वाले वाहन को लेकर तलाश की जा रही है। सनावर के परिवार में उसकी पांच बहन और चार भाई हैं। वह मूल रूप से बड़वानी जिले का रहने वाला है।

## दसवीं की छात्रा की संदिग्ध मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। विजय नगर में रहने वाली एक 15 साल की नाबालिग की संदिग्ध परिस्थतियों में मौत हो गई। उसके माता-पिता तबीयत खराब होने के चलते एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे। मौत के बाद पुलिस को सूचना दी गई। यहां से नाबालिग के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्च्युरी में भेजा गया है। शुक्रवार को उसका पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा।विजय नगर पुलिस के मुताबिक गुंजन (15) पुत्र संजय इंगले निवासी राम नगर बड़ी भमोरी को उसके परिजन गुरुवार को एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे। यहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। गुंजन के बड़े पिता मदन ने बताया कि उसकी दो दिन से तबीयत ठीक नही थी। उसे उल्टियां हो रही थी। पहले निजी अस्पताल में दिखाया था। जिसमें डॉक्टरों ने एमवाय ले जाने की सलाह दी थी। बाद में उसकी यहां मौत हो गई।बड़े पिता मदन के मुताबिक गुंजन 10th की पढ़ाई कर रही है। परिवार में एक छोटी बहन है। वही पिता सिलाई का काम करते हैं। गुंजन का परिवार मूल रूप से बैतूल का रहने वाला है। पिता काम के सिलसिले में कुछ सालों पहले इंदौर आ गए थे। मदन के मुताबिक गुंजन के बारे में उन्हें भी एमवाय अस्पताल से जानकारी मिली थी। इधर डॉक्टरों ने शंका के आधार पर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

## अज्ञात वाहन ने ली जान

**इंदौर**। कनाडिय़ा इलाके में एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह बुधवार को सड़क पार कर रहा था। इस दौरान उसे अज्ञात वहन ने टक्कर मार दी थी। हादसे में गंभीर घायल युवक को उपचार के लिये एमवाय में भर्ती कराया गया था। यहां गुरुवार रात उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक सनावर पिता राजमल मवेड़ा को बुधवार को कनाडिय़ा पेट्रोल पंप के यहां से घायल अवस्था में डायल-100 एम्बुलेंस ने एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया था। जिसकी गुरुवार को मौत हो गई। सनावर को पंप के पास एक अज्ञात वाहन ने चपेट में ले लिया था। परिवार के लोगों ने बताया कि वह अपनी बहन अनीता के घर पर खजराना में आया हुआ था। कुछ समय से इंदौर में काम की तलाश कर रहा था। रेती-गिट्टी सप्लायर के यहां काम करने लगा था। पुलिस के मुताबिक सनावर सड़क क्रॉस कर रहा था। इस दौरान वह हादसे का शिकार हो गया। टक्कर मारने वाले वाहन को लेकर तलाश की जा रही है।

## लापता बालक को चंद घंटों में ढूंढकर परिवार से मिलाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। एरोड्रम थाना क्षेत्र की एक कालोनी से 8 वर्षीय बालक अपने परिवार से बिछड़ गया था जिसे पुलिस ने चंद घंटो के भीतर परिवार से मिलवाया। एरोड्रम थाना प्रभारी कल्पना चौहान ने बताया कि 8 वर्षीय बालक के गुम हो जाने की सूचना मिली थी। पुलिस सक्रि य हुई और घर के आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए और लोगों से पूछताछ की गई। वहीं उसको ढूंढने की मशक्कत पुलिस अफसरों ने शुरू की और दो तीन घंटे के भीतर वह सकुशल मिल गया जिसे पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया।

## युवक को मारा चाकू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। तुकोगंज थाना क्षेत्र में एक युवक को बदमाशों ने चाकू मारकर घायल कर दिया। आरोपी उससे रुपयों की मांग कर रहे थे। इनकार करने पर चाकू मार दिया। घायल का नाम राम पिता मनोज (21) निवासी अमर टेकरी है। इस मामले में पुलिस ने छोटू और निर्मल के खिलाफ केस दर्ज किया है। उसे अस्पताल लेकर आए साथी ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ क्रिकेट खेलने के लिए जा रहा था। गोमा की फैल के पास गार्डन के गेट पर आरोपियों ने उसे रोक लिया। उससे रुपयों की मांग की। जब रुपए देने से मना कर दिया तो उसके साथ मारपीट कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने चाकू से उस पर हमला कर दिया। उस पर चाकू से दो वार कर दिए।

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।